BSNL
Connecting India

भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति **क्रमांक: 13/2021**

(17.3.2021)

ट्राई द्वारा आयोजित ड्राइव टेस्ट में बीएसएनएल सभी मापदण्डों पर खरा उतरा

ट्राई विभिन्न टेलीकॉम ऑपरेटर्स के साथ मिलकर उनकी नेटवर्क क्वालिटी को चेक करने और कॉल ड्रॉप की समस्या को दूर करने के लिए समय समय पर ड्राइव टेस्ट करती है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएँ मिल सके। इसी कड़ी में ट्राई (भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण) ने जयपुर में सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कम्पनी बीएसएनएल और अन्य प्राइवेट टेलीकॉम ऑपरेटर्स के साथ मिलकर उनके नेटवर्क की गुणवत्ता जांचने के लिए दिनांक 16.3.2021 से 18.3.2021 तक तीन दिनों का लगभग 120 किलोमीटर प्रतिदिन का, एक ड्राइव टेस्ट अभियान चला रखा है। बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि कल हुए ड्राइव टेस्ट में 2जी मोबाइल नेटवर्क में बीएसएनएल क्वालिटी ऑफ़ सर्विस में परफेक्ट साबित हुआ, हालाँकि 3जी मोबाइल नेटवर्क में बीएसएनएल का एक कॉल ड्राप हुआ है।

आज भी बीएसएनएल का ड्राइव टेस्ट किया गया। ड्राइव टेस्ट राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल की देखरेख में चौमू हॉउस सर्किल, गवर्नमेंट हॉस्टल, एम.आई.रोड, पांचबत्ती, स्टेचू सर्किल,सचिवालय, अम्बेडकर सर्किल,विधान सभा,योजना भवन और सी-स्कीम रूट पर किया गया, जिसमें बीएसएनएल नेटवर्क क्वालिटी में बेहतर साबित हुआ।

ड्राइव टेस्ट में बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल के साथ, ट्राई के संयुक्त सलाहकार श्री मनीष सक्सेना, वरिष्ठ अनुसन्धान अधिकारी श्री अमित प्रकाश और बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के महाप्रबंधक(सी.एम.) श्री किशोर भगतानी और उनकी टीम शामिल रही।

(विकास चंदेलिया)
जन सम्पर्क अधिकारी